अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन का PMECRG एवं MAHA-EV मिशन

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा अपनी शुरुआती दो पहलों **प्रधानमंत्री प्रारंभिक कैरियर अनुसंधान अनुदान (PMECRG) और व्यापक प्रभाव वाले क्षेत्रों में उन्नति से संबंधित मिशन–इलेक्ट्रिक वाहन (MAHA-EV) मिशन)** का शुभारंभ किया।

- ANRF की **स्थापना अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन अधिनियम, 2023 के तहत** पूरे देश में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिये की गई है।
    - इसका संचालन **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली सितंबर 2024 की गवर्निंग बोर्ड (GB) की पहली बैठक** के साथ शुरू हुआ।
        - इस बैठक में प्रमुख क्षेत्रों में भारत की वैश्विक स्थिति को बेहतर करने, अनुसंधान एवं विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ जोड़ने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और वैज्ञानिक प्रगति को आगे बढ़ाने **के क्रम में रणनीतिक हस्तक्षेप** पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- **PMECRG:**
    - इसके तहत **बजट अनुकूलन एवं नवीन पहल शामिल हैं** जिनका उद्देश्य अनुसंधान प्रक्रियाओं को सरल बनाना, उच्च गुणवत्ता वाले कार्य को बढ़ावा देना तथा भारत को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना है।
    - इसमें युवा शोधकर्त्ताओं को प्रोत्साहित करने तथा पूरे भारत में **अनुसंधान एवं नवाचार की मज़बूत संस्कृति** को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।
- **MAHA-EV मिशन:**
    - **इसका उद्देश्य आयात निर्भरता को कम करने, घरेलू नवाचार को बढ़ावा देने और भारत को EV क्षेत्र में वैश्विक हितधारक के रूप में स्थापित करने** के लिये प्रमुख EV प्रौद्योगिकियों का विकास करना है।
    - **यह** वर्ष 2047 तक विकसित भारत के **लक्ष्य को प्राप्त करने के सरकार के लक्ष्य के** अनुरूप है।

और पढ़ें: अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/anusandhan-national-research-foundation-s-pmecrg-maha-ev-mission